तापमान

अधिकतम 29 .3 डिग्री
न्यूनतम 16 .9 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार 8 अप्रैल 2026



11 सदस्य सचिव का सोनीपत दौरा, विधिक सेवाओं की...





12 बारिश की मार: मंडियों में भीगा गेहूं, किसान परेशान




## खबर संक्षेप

### बुटाना में खेतों में बने कमरों से सामान चोरी

**गोहाना।** गांव बुटाना में दो किसानों के खेतों में बने कमरों से सामान चोरी कर लिया गया। गांव के ही एक युवक पर चोरी का शक जताया गया। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। गांव बुटाना कुंडू का अतुल हाल में गोहाना में आदर्श नगर में रहता है। उसक गांव स्थित खेत में कमरा बना हुआ है। उसके कमरे से इनवर्टर की बैट्री चोरी कर ली गई। उसके पड़ोसी विकास के घर से भी दो सिलिंडर चोरी किए गए। उन्होंने गांव के ही एक युवक पर चोरी का शक जताया। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### समाजसेवी ने भेंट किया वाटर कूलर

**खरखौदा।** उपमंडल के गांव सिसाना स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में बच्चों के स्वास्थ्य और सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों के लिए शीतल पेयजल हेतु वाटर कूलर दान किया गया। इस पुनीत कार्य में इसी गांव के निवासी एवं समाज सेवी भूपेंद्र दहिया ने वाटर कूलर भेंट किया। इस योजना को सिरे चढ़ाने में पूर्व प्रयोगशाला सहायक कृष्ण कौशिक और मंजीत मास्टर का विशेष प्रयास व मार्गदर्शन रहा।

### स्कूल रेडिनैस जागरूकता कार्यक्रम हुआ

**गोहाना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव गढ़ी उजाले खां एवं सिकंदरपुर माजरा में प्ले स्कूल में बच्चों का नामांकन अधिक करने के लिए स्कूल रेडिनैस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी गोहाना सुशीला देवी ने महिलाओं को बताया कि प्ले स्कूलों में खेलकूद के माध्यम से शिक्षा मिलने से बच्चों का शारीरिक, बौद्धिक, मानसिक और सामाजिक विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं।

**31 मई तक सुनहरा मौका:** विभाग ने 31 दिसंबर 2025 तक के पानी व सीवर के बिलों पर माफ किया सारा सरचार्ज

*एक जून से वसूला जाएगा ब्याज, कनेक्शन काटने तक की नौबत का करना पड़ेगा सामना*

# नगर निगम चुनाव से पहले पुराने पानी व सीवर कनेक्शन धारकों को बिलों में बड़ी रियायत

» **पानी के अवैध कनेक्शनों से निगम को हो रहा आर्थिक नुकसान, सीवर के अवैध कनेक्शनों से स्वास्थ्य व स्वच्छता संबंधी बढ़ रही समस्याएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने जल्द होने वाले नगर निगम चुनाव से पानी व सीवर के पुराने कनेक्शन धारकों के लंबित बिलों को लेकर उन्हें रियायत दी है। विभाग के इस कदम उठाने का उद्देश्य कनेक्शन धारकों को राहत देने के साथ नगर निगम के कोष में आर्थिक बढ़ोतरी करना है। बता दें कि नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लोग पानी व सीवर के पुराने बिलों के निस्तारण व भुगतान में रियायत ले सकेंगे।

विभाग ने 31 दिसंबर 2025 तक के पानी व सीवर के बिलों पर सारा सरचार्ज माफ कर दिया है। योजना का लाभ उठाने के लिए कनेक्शन धारक 31 मई तक अपने पानी व सीवर के सभी बिलों को नगर निगम कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।

बिलों से होने वाली नियमित आय से नगर निगम की वित्तीय स्थिति को काफी मजबूती मिलेगी। साथ ही पानी व सीवर जैसी बुनियादी सेवाओं को भविष्य के लिए और बेहतर बनाया जा सकेगा। नगर निगम क्षेत्र में करीब 1,35,757 भवन व प्रतिष्ठान हैं, जबकि करीब 51,433 कनेक्शन हैं। इनमें 18,177 पेयजल कनेक्शन व 5204 सीवर कनेक्शन हैं। साथ ही 28052 प्रॉपर्टी मालिक ऐसे भी हैं, जिन्होंने सीवर व पानी के कनेक्शन ले रखे हैं। अधिकतर कनेक्शन धारक ऐसे हैं, जिन्होंने अब तक पानी व सीवर का बिल जमा नहीं कराया है। इसके लिए नगर निगम की ओर से कई बार बिल जमा कराने के लिए आगाह किया जा चुका है। अब सरकार की ओर से ऐसे उपभोक्ताओं को सरचार्ज मुक्त बिल जमा कराने का मौका दिया गया है। साथ ही कहा गया है कि यदि 31 मई तक बकाया बिल जमा नहीं कराया गया, तो 1 जून से चालू बिल 10 फीसदी ब्याज के साथ लिया जाएगा। जरूरत पड़ने पर कनेक्शनों को काटने की कार्रवाई शुरू की जाएगी।





**सोनीपत।** रेलवे रोड स्थित नगर निगम कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

निगम की व्यवस्था भी बिगड़ रही। पानी के अवैध कनेक्शनों के कारण न केवल निगम को आर्थिक घाटा हो रहा है। बल्कि वैध कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को भी पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है। वहीं, सीवर के अवैध कनेक्शनों से दूषित पानी इधर-उधर फैल रहा है, जिससे स्वास्थ्य व स्वच्छता संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं।

### मीटर युक्त कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को मिलेगी छूट

शहर में पेयजल और सीवर की व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर निगम को सौंपने से पहले जनस्वास्थ्य विभाग के कंधों पर थी। कोरोना महामारी से पहले यह जिम्मेदारी नगर निगम को दी गई थी। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आदेश अनुसार पानी के बिल पर छूट उन्हीं उपभोक्ताओं को मिल सकेगी, जिन्होंने मीटर युक्त कनेक्शन लगवा रखा है। यदि मीटर रहित कनेक्शनों के माध्यम से आपूर्ति वाला कोई उपभोक्ता इस छूट का लाभ लेने का इच्छुक है तो सबसे पहले उन्हें मीटर युक्त कनेक्शन लेना होगा। 31 मई के बाद चूक करने वालों की पानी आपूर्ति बंद की जाएगी।

### पानी व सीवर कनेक्शन वैध कराने के लिए 31 मई तक करें आवेदन

*शहरी स्थानीय निकाय विभाग के मुख्यालय ने 31 दिसंबर 2025 तक के पानी व सीवर के बिलों पर सरचार्ज माफ कर दिया है। सरचार्ज माफी का फायदा उस समय मिलेगा, जब उपभोक्ता 31 मई तक बिल जमा करा सकेंगे। अन्यथा जून से चालू बिल पर 10 फीसदी जुर्माना वसूल किया जाएगा। साथ ही पानी व सीवर कनेक्शन वैध कराने के लिए 31 मई तक आवेदन करना होगा। अन्यथा उसके बाद अवैध कनेक्शन काटने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।*

*-दहर्षित कुमार, आयुक्त, नगर निगम, सोनीपत*

# जहरीला पदार्थ पीने से दो सगे भाइयों की संदिग्ध परिस्थितियों में जान गई

## माता-पिता की बीमारी से मानसिक तनाव में थे दोनों भाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गांव नाथूपुर में दो सगे भाइयों की जहरीला पदार्थ पीने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दो भाइयों की मौत से पूरे इलाके में शोक छाया रहा। बताया जा रहा है कि माता-पिता की बीमारी से दोनों भाई मानसिक तनाव में थे। दोनों भाइयों ने गांव स्थित माउथ फ्रेशनर बनाने वाली फैक्टरी में निकोटीन पी लिया। इसके बाद दोनों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। देर शाम दोनों भाइयों का गमगीन माहौल में प्याऊ मनियारी में अंतिम संस्कार किया गया।

कुंडली के प्याऊ मनियारी निवासी करीब 26 वर्षीय अभिषेक व उनका भाई 24 वर्षीय रितिक गांव नाथूपुर स्थित न्यूट्रीकेयर फैक्टरी में कार्यरत थे। फैक्टरी में माउथ फ्रेशनर बनाने का काम किया जाता है। दोनों भाइयों ने सोमवार को फैक्टरी में माउथ फ्रेशनर बनाने में प्रयोग होने वाला निकोटीन पी ली। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। दोनों भाइयों को इलाज के लिए कुंडली स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

**एक ही चिता में हुआ अंतिम संस्कार**

अस्पताल में चिकित्सक ने एक युवक की हालत को गंभीर देखते हुए उसे दिल्ली के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। हालांकि उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। दोनों का शव मंगलवार देर शाम प्याऊ मनियारी लाया गया। रात करीब 8 बजे दोनों भाइयों का एक ही चिता में अंतिम संस्कार कर दिया गया। जिसे देख हर आंख नम हो उठी। युवकों की मां कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित है। पिता हृदय रोग से ग्रस्त है। बड़े भाई की पत्नी भी साथ नहीं रहती। दोनों युवक लंबे समय से मानसिक तनाव में थे, जिसने इस दर्दनाक घटना को अंजाम दिया।

*संदिग्ध हालत में बरामद हुआ शव शिनाख्त के प्रयासों में जुटी पुलिस*

# चिटाना के पास नहर में मिला व्यक्ति का हाथ बंधा शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत के गांव चिटाना के पास मंगलवार को पश्चिमी यमुना लिंक नहर में एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। राहगीरों ने नहर में एक शव को उतराता देख इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची मोहाना थाना पुलिस ने जब शव को बाहर निकलवाया तो स्थिति काफी संदिग्ध पाई गई। मृतक के हाथ पीली चुनरी से बंधे हुए थे, जिससे प्रथम दृष्टया हत्या कर शव को खुर्द-बुर्द करने के इरादे से नहर में फेंकने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार बरामद हुआ शव काफी क्षत-विक्षत अवस्था में है। शव को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि यह करीब तीन से चार दिन पुराना है और पानी में अधिक समय तक रहने के कारण पूरी तरह से फूल चुका है। मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष के आसपास प्रतीत हो रही है और उसने क्रीम रंग का कुर्ता-पाजामा पहना हुआ है। शव के हाथ बंधे होने के कारण पुलिस इसे हत्या के मामले से जोड़कर देख रही है। पुलिस का मानना है कि आरोपितों ने कहीं और हत्या करने के बाद शव को नहर में बहाया होगा, जो बहता हुआ सोनीपत की सीमा में आ गया।

### पहचान के लिए आसपास के जिलों में भेजी सूचना

शव की पहचान पुलिस के लिए वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। मृतक की शिनाख्त सुनिश्चित करने के लिए सोनीपत पुलिस ने पड़ोसी जिलों पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र और यमुनानगर के थानों से संपर्क साधा है। इन जिलों में पिछले एक सप्ताह के दौरान दर्ज हुई गुमशुदगी की रिपोर्टों का मिलान किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर भी लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।

### हर पहलू पर गहनता से हो रही जांच

गांव चिटाना के पास नहर में मिले शव की पहचान के लिए प्रयास तेज कर दिए है। नहर जिन जिलों से गुजरती है वहां की पुलिस से संपर्क किया गया है। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा। हर पहलू पर गहनता से जांच जारी है।

-रविंद्र सिंह, पुलिस प्रवक्ता सोनीपत

### एफएसएल की टीम ने किया निरीक्षण

मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। फोरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल और शव के पास से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए खानपुर मेडिकल कॉलेज के शवगृह में रखवा दिया है। मोहाना थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों और समय का पता लग सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर ही आगामी वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# स्कॉर्पियो व ऑटो की भिड़ंत बुजुर्ग की मौत, सात घायल

- जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के पास हुआ हादसा, पीजीआई रोहतक रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नरेला-सोनीपत रोड पर ओपी जिंदल ग्लोबल विश्वविद्यालय के पास सोमवार देर रात एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और ऑटो के बीच हुई जबरदस्त टक्कर में एक बुजुर्ग की जान चली गई, जबकि सात अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उनकी नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया है। सेक्टर-27 थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश के जिला बस्ती के गांव कोहडवा निवासी अजमत अली (61) अपने साथियों रमेश, सत्य प्रकाश, हरिकेश, नवीन, गुड्डू, उमाशंकर और कृष्ण के साथ ओपी जिंदल ग्लोबल सिटी क्षेत्र में पेंटर का काम करते थे। सोमवार रात को सभी मजदूर काम खत्म करने के बाद ऑटो में सवार होकर अपने किराए के कमरे की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनका ऑटो विश्वविद्यालय के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही एक स्कॉर्पियो गाड़ी ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ऑटो सड़क पर पलट गया। इस दुर्घटना में अजमत अली की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

# निजी स्कूलों में महंगी किताबों पर रोक लगाने की मांग

## एक देश-एक पाठ्यक्रम लागू कर सभी स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य की जाएं

» **संगठन के पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री के नाम का ज्ञापन सीटीएम को सौंपा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

क्राईम कंट्रोल एंड ह्यूमन राईटस आर्गेनाइजेशन ने निजी स्कूलों द्वारा महंगी और निजी प्रकाशकों की किताबें लगवाने के मामले को लेकर भारत सरकार के शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजा है। सीटीएम को सौंपे गए ज्ञापन में संगठन ने आरोप लगाया कि कई निजी स्कूल एनसीईआरटी की पुस्तकों के बजाय निजी प्रकाशकों की किताबें अनिवार्य कर रहे हैं, जिससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद कटारिया ने बताया कि ज्ञापन में अधिकतर स्कूल एक निर्धारित दुकान से ही किताबें खरीदने के लिए बाध्य करते हैं, जिससे अभिभावकों को कहीं और से सस्ती दरों पर पुस्तकें उपलब्ध नहीं हो पातीं। संगठन ने इसे अभिभावकों और विद्यार्थियों के अधिकारों का हनन बताया है। संगठन ने शिक्षा मंत्री से मांग की है कि एक देश–एक पाठ्यक्रम की नीति लागू कर देश के सभी स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकें अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश जारी किए जाएं, ताकि अभिभावकों को आर्थिक राहत मिल सके।



**सोनीपत।** सीटीएम को ज्ञापन सौंपते हुए संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

# मुनाफे का लालच देकर कारोबारी से 18.59 लाख रुपये की ठगी

» **फर्जी एप व व्हाट्सएप मैसेज के जरिए निवेश के नाम पर कई खातों में डलवाई रकम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

कुंडली क्षेत्र में एक कारोबारी को शेयर बाजार में अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने लाखों रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने फर्जी एप और व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से जाल बिछाकर पीड़ित को निवेश के लिए उकसाया और अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर करवा ली।

कुंडली निवासी निलाद्री शेखर ने साइबर थाना में दी शिकायत में बताया कि कुछ महीने पहले उनके व्हाट्सएप पर अलग-अलग नंबरों से संदेश आने शुरू हुए। संदेश भेजने वालों ने खुद को निवेश सलाहकार बताते हुए मुफ्त में शेयर मार्केट ट्रेडिंग सिखाने और रोजाना 15 से 20 प्रतिशत तक मुनाफा दिलाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद उन्होंने हाई नेट वर्थ अकाउंट खोलने का झांसा देकर एलकेपी सिक्योरिटीज नाम से एक एप डाउनलोड करवाया और विभिन्न शेयरों व आईपीओ में निवेश करने के लिए प्रेरित किया।

शिकायत के अनुसार ठगों ने शुरुआत में फर्जी लाभ दिखाकर भरोसा जीता, जिसके बाद 13 नवंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 के बीच 12 बार में अलग-अलग खातों और यूपीआई आईडी के माध्यम से कुल 18.59 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। जब ठग अचानक संपर्क से बाहर हो गए, तब पीड़ित को ठगी का पता चला।

## बिना पानी बिल जमा कराए बैरंग लौटे उपभोक्ता

# नागरिक सुविधा केंद्र में सर्वर में आई तकनीकी खामी

- कई घंटे लाइनों में लगे रहे उपभोक्ता फिर भी नहीं हो पाया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से जहां एक ओर पानी व सीवर के लंबित बिलों पर रियायत देते हुए उन्हें जल्द जमा करवाने के निर्देश दिए हैं, वहीं मंगलवार को नगर निगम कार्यालय स्थित नागरिक सुविधा केंद्र में सर्वर डाउन होने के कारण पानी के बिल जमा कराने आए उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ी। सर्वर में सुबह से ही तकनीकी खराबी आने के कारण बिल जमा करने की प्रक्रिया पूर्ण रूप से ठप रही। ऐसे में देखते ही देखते केंद्र में बिल जमा करवाने वाले उपभोक्ता की लंबी लाइन लगी रही। उपभोक्ता सर्वर चलने का इंतजार कर वापस लौट गए।



**सोनीपत।** नगर निगम कार्यालय स्थित नागरिक सुविधा केंद्र में लाइनों में लगकर सर्वर चलने का इंतजार करते पानी का बिल जमा करवाने आए उपभोक्ता।

नागरिक सुविधा केंद्र में दूरदराज के अलग-अलग क्षेत्रों से पानी का बिल जमा करवाने आए उपभोक्ता बड़ी आस के साथ कई घंटे तक सर्वर चलने का इंतजार करते हुए। वहीं लाइनों में खड़े-खड़े व बिल जमा नहीं होने से उपभोक्ताओं के सब्र का बांध भी टूट गया। खासकर उन उपभोक्ताओं को ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी, जिनके हाल ही में पानी के नए कनेक्शन लगे हैं, जिन्हें बिल जमा कर उसकी रसीद रिकॉर्ड के तौर पर सुरक्षित रखनी थी। आरोप लगाया कि नगर निगम में इस तरह की समस्या बार-बार सामने आती रहती हैं, लेकिन इसके बावजूद अधिकारियों का स्थायी समाधान करवाने पर कोई ध्यान नहीं है। उधर नागरिक सुविधा केंद्र में कार्यरत कर्मचारियों ने सर्वर डाउन होने की पुष्टि करते हुए बताया कि इसकी जानकारी तकनीकी टीम को सूचना दे दी गई। जल्द ही समस्या का समाधान करवाकर लोगों के बिल जमा किए जा सकेंगे।

### फोन को लेकर विवाद में गांव पांची जाटान में उपचार के दौरान युवक की मौत

- तीन आरोपितों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

**गन्नौर।** गांव पांची जाटान में फोन को लेकर हुए विवाद ने गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस मृतक के परिजनों की शिकायत पर मामले में तीन आरोपितों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव पांची जाटान निवासी जयपाल के बड़े बेटे कमलजीत (32) का 24 मार्च को पड़ोसी रामदास के घर मोबाइल फोन को लेकर विवाद हो गया था। बताया गया है कि कमलजीत अपना फोन लेने के लिए रामदास के घर गया था, जहां फोन देने से मना करने पर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद झगड़े में बदल गया। शिकायत में आरोप है कि रामदास, भगवान दास और सोनू ने मिलकर कमलजीत पर कस्सी के बेंट और लाठियों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ देर बाद जब कमलजीत घर नहीं लौटा तो उसके पिता जयपाल मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि तीनों आरोपित उनके बेटे के साथ मारपीट कर रहे थे। उन्हें देखते ही आरोपित मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना तुरंत डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सीएचसी गन्नौर में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे गंभीर हालत में बीपीएस खानपुर रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान सोमवार को कमलजीत ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के पिता के बयान पर रामदास, भगवान दास और सोनू के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। जांच अधिकारी का कहना है कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें काबू कर लिया जाएगा।






# मटका किंग का ट्रेलर रिलीज दिखी 1960 के मुंबई की झलक

**मुंबई।** अभिनेता विजय वर्मा की आगामी वेब सीरीज 'मटका किंग' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें एक कपास व्यापारी के 'मटका किंग' बनने के सफर को दिखाया गया है। दरअसल, मटका किंग से यहां आशय जुआ सरगना बनने से है। इस सीरीज में विजय के साथ कृतिका कामरा, साईं ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे सितारे भी हैं। यह सीरीज 17 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। सीरीज 'मटका किंग' में विजय ने ब्रिज भट्टी का रोल अदा किया है। ट्रेलर की शुरुआत में ब्रिज भट्टी को एक कपास के कामगार के रूप में दिखाया गया है। 1960 के दशक के बॉम्बे (अब मुंबई) की झलक है।

## लाइफ Style

# तृषा
## अफवाहों का दिया जोरदार जवाब



क्या साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। इसी को लेकर उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। तृषा कृष्णन बीते कई दिनों से सुर्खियों में हैं।

एजेंसी ⏩ मुंबई

हाल ही में वे थलापति विजय के साथ चेन्नई में एक वेडिंग रिसेप्शन में शामिल हुईं थीं। इसके बाद से ही दोनों के डेटिंग की चर्चाएं चल रही हैं। इस बीच ये रिपोर्ट्स भी सामने आ रही थीं कि एक्ट्रेस अब फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। जिसके बाद अब इन रिपोर्ट्स का रिसपॉन्स देते हुए तृषा ने एक पोस्ट शेयर किया है। तृषा कृष्णन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर जोरदार जवाब दिया है। खबरें आ रही थीं कि वो जल्द ही फिल्मों से रिटायर होने वाली हैं और नए प्रोजेक्ट्स साइन नहीं कर रहीं, लेकिन तृषा ने इन सबको पूरी तरह गलत बताया। तृषा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तंज कसते हुए लिखा, 'सुना है मैंने फिल्में छोड़ दी हैं, किसी अमीर बिजनेसमैन से शादी कर ली है और 4 बच्चों की मां भी बन गई हूं, जो कल ही 2 साल के हो गए! कुछ और जोड़ना है या आज की सारी मनगढ़ंत कहानियां यहीं खत्म हो गईं?' इसका मतलब जो भी रिपोर्ट्स सामने आ रहीं थीं, वो सारी गलत थीं। बता दें कि बीते कुछ दिनों से विजय और तृषा के बीच रिलेशनशिप में होने की अफवाहें चल रही हैं। ये इस वजह से भी हो रहा है कि विजय की पत्नी संगीता ने उन्हें तलाक देने की बात कही थी और किसी एक्ट्रेस के साथ अवैध संबंध का जिक्र किया था।

## हॉलीवुड मसाला



# घिनौने व्यक्ति से मेरा कोई संबंध नहीं

**लॉस एंजिल्स।** 'एपस्टीन फाइल्स' से केवल जीजी हदीद ही नहीं, बल्कि उनकी बहन बेला हदीद का भी नाम जुड़ा है। जीजी हदीद ने अब इसपर खुलकर बातें की हैं। उन्होंने कहा, 'उन फाइलों में मेरा नाम होना... मुझे लगता है कि उस समय मेरी उम्र 20-21 साल रही थी जब उसने वह ईमेल लिखा होगा, यह बहुत परेशान करने वाला है। मैं साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि मेरा उस घिनौने व्यक्ति से कभी कोई संबंध नहीं है।' जीजी ने नैतिकता पर बातें करते हुए कहा कि भले वो प्रिविलेज्ड लाइफ में पली हों, लेकिन उनके माता-पिता ने उन्हें स्ट्रॉन्ग वैल्यूज़ दिए हैं।



# बीटीएस को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** बीटीएस ग्रुप लगातार मिल रही कामयाबी की वजह से चर्चा में है। पूरी दुनिया में नाम कमाने के बाद बीटीएस को उसी देश में सम्मानित किया जा रहा है, जहां से उनके सफर की शुरुआत हुई थी! इस ग्रुप को एरिरांग इंटरनेशनल ब्रॉडकास्टिंग की 30वीं वर्षगांठ के मौके पर मशहूर 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह सियोल में एरिरांग टीवी के मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मान कई मायनों में खास है। 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' का मकसद बीटीएस को इज्जत देना है। इस ग्रुप ने वह काम किया है जो किसी और बैंड ने नहीं किया है। ग्रुप ने अपने म्यूजिक के जरिए पूरी दुनिया में कोरियाई संस्कृति का प्रसार किया है। 2013 में अपने डेब्यू के बाद से, इस ग्रुप ने लगातार बाधाओं को तोड़ा है और के-पॉप कलाकारों के लिए उदाहरण पेश किया है। एरिरांग टीवी लंबे समय से कोरियाई मनोरंजन और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के बीच एक सेतु का काम करता रहा है।



# कालीघाट मंदिर दर्शन करने पहुंचीं कंगना


**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं। इस दौरान वे कालीघाट काली मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। कंगना ने इस प्रसिद्ध मंदिर में महामाया मां काली का आशीर्वाद लिया और प्रार्थना की। उन्होंने मां काली के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। पश्चिम बंगाल में इस महीने विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरे चरण में 29 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, परिणाम 04 मई को आएगा। इससे पूर्व हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं और मंदिर दर्शन किए। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। कंगना रनौत साड़ी पहनकर ट्रेडिशन लुक में नजर आईं। पिंक कलर की सिल्क साड़ी के साथ उन्होंने पारंपरिक गहनों से अपना लुक कंपलीट किया है।



# आशा ने तब्बू को तोहफे में दिया गिटार...

**मुंबई।** मशहूर एक्ट्रेस तब्बू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर रिलीज हुआ। इस बीच तब्बू अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में आ गई हैं। इसमें वे अपना गिफ्ट फ्लॉन्ट करती दिखी हैं, जो उन्हें दिग्गज गायिका आशा भोसले ने जन्मदिन के मौके पर दिया था। इसके साथ तब्बू ने एक नोट भी लिखा है। 'मुझे अपने सबसे यादगार दिनों के बारे में बताइए, मुझे उन पलों के बारे में बताइए जिन्हें आप कभी नहीं भूलेंगे। मुझे बताइए कि आपके दिल को सबसे ज्यादा क्या छू जाता है? मुझे अपनी सबसे कीमती चीजों के बारे में बताइए'। तब्बू ने आगे लिखा है, 'नवंबर में मेरा जन्मदिन था और तभी मेरे दरवाजे से होते हुए यह खूबसूरत चीज, यह गिटार मिला। यह तोहफा आशाजी ने मुझे दिया।


## टीवी मसाला



# दिशा को उसके मुकाम तक पहुंचने के लिए पिता ने छोड़ दी थी नौकरी

**नई दिल्ली।** दिशा वकानी पर इस वक्त दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने अपने पिता को हमेशा के लिए खो दिया है, जिन्होंने अपनी बिटिया को उसके मुकाम तक पहुंचाने में अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। दिशा वकानी के पिता भीम वकानी थिएटर आर्टिस्ट रहे हैं, जिन्होंने कई बड़े-बड़े कलाकारों के साथ काम भी किया है। भीम वकानी आमिर खान की फिल्म 'लगान' में भी नजर आनेवाले हैं। तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम कर चुके भीम वकानी को इस बात की खुशी थी कि आज उनकी बेटी उनसे बड़ी स्टार बन गई हैं। भीम वकानी ने एक बार अपने इंटरव्यू में बेटी दिशा वकानी को लेकर काफी सारी बातें की थीं। उन्होंने एक बार मीडिया से बातचीत में बताया था कि बेटी का सपना पूरा करने के लिए उन्होंने अपनी नौकरी तक छोड़ दी और मुंबई आ गए। दिशा वकानी को एक्टिंग की दुनिया में लाने वाले कोई और नहीं बल्कि उनके पिता ही थे। कई साल पहले मीडिया से हुई बात में दिशा वकानी के पिता ने कहा था, 'ये सब करने में उसको बहुत टाइम लगा है। इसने ड्रामा, डिप्लोमा, डिग्री किया। ये बहुत छोटी थी तब से मेरे साथ इंटीरियर गांव में, आदिवासी गांवों में ये चार शो करने को आती थी। वहां से शुरू किया इसने ड्रामा, डिप्लोमा किया, डिग्री लिया और फिर मुंबई आई।' उन्होंने आगे कहा था, 'मुंबई में 10 साल ड्रामा वगैरह करते-करते ये यहां तक पहुंची है। इसकी चाहत थी कि मुझे मुंबई जाना है। इसलिए मैं नौकरी छोड़कर इसको यहां लाया। पहले लोग मेरे नाम से मेरी बेटी को पहचानते थे कि ये भीम वकानी की बेटी है। अभी उल्टा हो गया है कि ये दिशा वकानी के पापा हैं, मुझे इसका भी गर्व है। ये मेरी बेटी है, मेरे से भी आगे निकल गई है।'

## दो साल बाद लौटेगा 'खतरों के खिलाड़ी'



**नई दिल्ली।** दो साल बाद रियलिटी शो 'खतरों के खिलाडी 15' की टीवी पर वापसी हो रही है। इस शो को एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर रोहित शेट्टी होस्ट करते हैं। इस सीजन की तैयारियां जोरों पर हैं। सूत्रों के मुताबिक मई के दूसरे हफ्ते में होस्ट रोहित शेट्टी और कंटेस्टेंट्स केप टाउन, साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो सकते हैं। इस बार भी शो का शेड्यूल लंबा रखा गया है। पूरी शूटिंग करीब 50 दिनों में खत्म करने की प्लानिंग है। रोहित शेट्टी के शेड्यूल को लेकर भी साफ रणनीति बनाई जा रही है। सूत्र ने कहा, 'रोहित सर ने अपने कैलेंडर को इसी हिसाब से सेट किया है कि 'खतरों के खिलाड़ी' के लिए निकलने से पहले 'गोलमाल 5' का बड़ा हिस्सा शूट हो जाए। क्योंकि शो के दौरान वे पूरी तरह उसी प्रोजेक्ट में व्यस्त रहते हैं। वापस आने के बाद उनका फोकस सीधे फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर शिफ्ट होगा।

# अरशद और नवाजुद्दीन की बेटियों ने चुराई लाइमलाइट

**मुंबई।** कभी-कभी सितारे नहीं, बल्कि उनके साथ आए लोग ही चुपचाप सबका ध्यान खींच लेते हैं, और ऐसा ही कुछ हाल ही में एक अवॉर्ड फंक्शन में देखने को मिला। एक्टर अरशद वारसी रविवार को अपनी बेटी जेने जो वारसी के साथ इस फंक्शन में शामिल हुए और देखते ही देखते वह शाम की सबसे चर्चित हस्तियों में से एक बन गईं। रेड कार्पेट से वीडियो ऑनलाइन वायरल होते ही लोगों ने उनकी मौजूदगी पर तुरंत ध्यान दिया और कई लोगों ने उनकी खूबसूरती की तारीफ की। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी की भी खूब तारीफ हुई। दोनों की शालीनता ने अलग ही खबरें फैला दीं। अरशद वारसी की बेटी जेन के फोटोग्राफरों से बातचीत करते और रेड कार्पेट पर चलते हुए वीडियो जल्द ही वायरल हो गए। कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में उनकी खूबसूरती और स्क्रीन प्रेजेंस की खूब तारीफ की। एक यूजर ने लिखा- हैंडसम पापा की ब्यूटीफुल बेटी, भगवान तुम्हें हमेशा खुश रखे। एक ने कमेंट किया- कितनी खूबसूरत है। एक तीसरे यूजर ने उनके भविष्य के बारे में कमेंट किया, उन्होंने पूछा- कब डेब्यू करने वाली है??



एकदम हॉट है। एक फैन ने लिखा- श्रद्धा कपूर की कॉपी मिल गई अब। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी शोरा सिद्दीकी को देखकर भी लोग दंग रह गए और उनकी खूबसूरती की खूब तारीफ की। शोरा पहले तो रेड कार्पेट पर आने में हिचक रही थीं, फिर उनके पिता नवाज उनके पास आए और समझाया। शोरा की खूबसूरती की तुलना सीधे ऐश्वर्या राय से हुई। पिछले साल नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शोरा की एक्टिंग को लेकर खुलासा किया था।

# रामायणमः यश बनेंगे अब तक के सबसे अनोखे रावण, शिव भक्त की दिखेगी छवि

**नई दिल्ली।** 'रामायणम' इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फिल्म निर्माताओं ने हाल ही में लॉस एंजिल्स और मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में रणबीर कपूर के किरदार 'राम' का पहला टीजर जारी किया। फिल्म इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन चुकी है, ऐसे में निर्देशक नितेश तिवारी ने बताया है कि उनकी फिल्म रावण को एक बड़े खलनायक के रूप में दिखाने के बजाय, अधिक लेयर्स में और मानवीय रूप में दिखाएगी। 'केजीएफ' स्टार यश फिल्म में रावण की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म निर्माता के अनुसार, यश का अभिनय न केवल रावण के बुरे पहलुओं को दिखाएगा, बल्कि भगवान शिव के प्रति उनकी भक्ति, संगीत का टैलेंट और एक सक्षम शासक के रूप में उनके गुणों को भी दिखाएगा- साथ ही यह भी दिखाएगा कि कैसे अहंकार और क्रोध अंत नें उसके पतन का कारण बनते हैं। लॉस एंजिल्स में फिल्म के टीजर लॉन्च के मौके पर बोलते हुए नितेश तिवारी ने कोलाइडर से कहा, 'देखिए, रावण के जीवन के कई पहलू थे। वह एक महान योद्धा था, एक कुशल संगीतकार था, एक विद्वान था, एक दयालु राजा था... एक महान शिव भक्त था।' रावण के इन सभी पहलुओं को दिखाना बहुत जरूरी है, क्योंकि



इनमें एक बहुत सबक छिपा है। आपमें कितने भी अच्छे गुण हों, लेकिन अगर आप बदले की भावना और अहंकार से प्रेरित हैं, तो आप जानते हैं कि इसका अंत क्या होगा। इसी कार्यक्रम में रणबीर कपूर ने यश के रावण के किरदार में ढलने की तारीफ करते हुए उनकी दमदार प्रेजेंस की सराहना की। यश के पास बेशक स्टारडम है। रावण का किरदार निभाने के लिए ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है जिसमें वो औरा और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस हो। रावण के रूप में उन्हें देखना बहुत अलग है। मुझे लगता है कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखना पसंद करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि यश इस प्रोजेक्ट में निर्माता के तौर पर भी शामिल हैं। अप्रैल 2025 में अपनी भागीदारी के बारे में बात करते हुए उन्होंने वैरायटी को बताया, 'भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर दिखाने वाली फिल्में बनाना मेरी लंबे समय से ख्वाहिश रही है।

## पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में बॉडी डबल के साथ सिनेमा में रखा था कदम

# सेट पर निर्देशक को खुश करने के लिए चापलूसी की हदें कर दी थीं पार

*नई दिल्ली। जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। उस वक्त जितेंद्र सेट पर हर तरीके का काम करते थे और एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। एक्टर ने डायरेक्टर वी. शांताराम की चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं।*

### जितेन्द्र के बारे में अनसुनी बातें

हिंदी सिनेमा में पहचान बनाने के लिए सभी को दिन-रात मेहनत करनी पड़ती है। किसी भी नए एक्टर को पहली फिल्म मिलना किस्मत के चमक जाने के जैसा होता है, लेकिन जितेंद्र के लिए यह घाटे का सौदा रहा था।



मात्र 150 रुपए से फिल्मों में कदम रखने वाले जितेंद्र ने कभी नहीं सोचा था कि वे फिल्मों में काम करेंगे, लेकिन पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में एक्टर ने बॉडी डबल के साथ हिंदी सिनेमा में कदम रखा था।

**नकली जूलरी की दुकान** : जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। जितेंद्र भी अपने पिता के काम में हाथ बांटते थे। उन्होंने मुंबई के सेंट सेबेस्टियन गोअन हाई स्कूल में अपने दोस्त राजेश खन्ना के साथ पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के सिद्धार्थ कॉलेज से उन्होंने आगे की पढ़ाई की। हालांकि, वे बचपन से ही फिल्मों के शौकीन थे, लेकिन नहीं पता था कि गहने बेचने का काम ही हिंदी सिनेमा में कदम रखने का पहला रास्ता है।

### चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे

बहुत कम लोग जानते हैं कि जितेंद्र ने फिल्म 'सेहरा' के सेट पर हर तरीके का काम किया था। वे आर्टिस्ट का सारा काम करते थे और उनकी जरूरतों का ध्यान भी रखते थे। उस वक्त एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। इसी फिल्म के दौरान एक्टर ने वी. शांताराम को प्रभावित करने के लिए चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं। खुद एक्टर ने स्वीकारा था कि निर्देशक को इम्प्रेस करने के लिए वो सेट पर चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे।

### सफल शुरुआत करने के बावजूद बुरा दौर देखा

हालांकि, 1970 के दशक की सफल शुरुआत करने के बावजूद जितेंद्र ने 1972 से 1973 तक काफी बुरा दौर देखा। इस बीच उनकी अधिकांश फिल्में एक हसीना दो दीवाने (1972), शादी के बाद (1972), यार मेरा (1972), रूप तेरा मस्ताना (1972), अनोखी अदा (1973) और गहरी चाल (1973) जैसी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर असफल रहीं ।

### ऊंट पर छलांग लगा दी

उन्होंने बताया कि एक बार फिल्म में एक्ट्रेस संध्या को एक सीन करना था, जिसमें ऊंट पर कूदना था। निर्देशक ऐसे शख्स की तलाश में थे, जो यह सीन कर सके और बिल्कुल संध्या जैसा दिखे। वी. शांताराम को इम्प्रेस करने के लिए एक्टर ने सीन को करने के लिए हां कर दिया और ऊंट पर छलांग लगा दी। वो सीन सिर्फ पैसे के लिए नहीं किया था, बल्कि खुद को साबित करने के लिए किया था, जिसके बाद निर्देशक ने फिल्म 'गीत गाया पत्थरों ने' में लीड रोल दिया और तनख्वाह थी 100 रुपए। एक्टर ने बताया कि इस वक्त पैसे से फर्क नहीं पड़ता था, क्योंकि जितेंद्र को जितेंद्र बनाने वाले वी. शांताराम थे और उनकी की बदौलत सिनेमा में कदम रखा था।

**धर्मवीर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही :** इसके बाद उन्हें भाई हो तो ऐसा (1972) और जैसे को तैसा (1973) जैसी फिल्मों से कुछ सफलताएं मिलीं और गुलजार के परिचय (1972) में उन्हें काफी तारीफ मिली। इसके बाद 1974 में एल.वी. प्रसाद की फिल्म बिदाई में लीना चंदावरकर के साथ नजर आए जो सुपरहिट रही। 1977 जितेंद्र के लिए कई सफलताओं से भरा एक बड़ा साल साबित हुआ। मनमोहन देसाई की शानदार फिल्म धर्मवीर ने उन्हें एक ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर दी।

## खबर संक्षेप

### स्वस्थ शरीर मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी : पांचाल

**गोहाना।** शहर में शहीद मदनलाल धींगड़ा स्टेडियम में मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में गोहाना क्षेत्र के प्रमुख योग शिक्षकों और योग साधकों ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की शपथ ली। मुख्य वक्ता योग गुरु डॉ. सुरेश पांचाल ने कहा विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें स्वस्थ रहने का संदेश देता है। नियमित योग बुढ़ापे तक शरीर को स्वस्थ और निरोग बनाए रखने का एक अद्भुत और प्राकृतिक उपाय है। योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है। जब आप योग करते हैं तो शरीर निरोग रहता है, मन शांत रहता है।

### शिविर में कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

**सोनीपत।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य जागरूकता और चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। जिला कारागार सोनीपत में ट्यूलिप अस्पताल के सहयोग से आयोजित शिविर में कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान सहायक विधिक सहायता रक्षा अधिवक्ता नवीन रतेवाल ने कैदियों को उनके कानूनी अधिकारों और निःशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में जागरूक किया।

### छात्राओं ने रैली से दिया जागरूकता का संदेश

**गोहाना।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) द्वारा गांव खानपुर कलां की चौपाल में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षा मंत्रालय की एक प्रमुख पहल के तहत 'उन्नत भारत अभियान' के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में खाद्य एवं पोषण विभाग, सेंटर फॉर सोसाइटी-यूनिवर्सिटी इंटरफेस एंड रिसर्च तथा यूबीए सेल का संयुक्त सहयोग रहा।

### प्रथम राष्ट्र की भावना से काम करें कार्यकर्ता

**गोहाना।** सोमवार को बरोदा हलका के भाजपा बूथ अध्यक्ष, बीएलए-2 और शक्ति केंद्र प्रमुखों की बैठक सेक्टर-7 के कम्युनिटी सेंटर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला गोहाना अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने की। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. किरण कलकल रहीं। संयोजन बरोदा हलका से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी एवं बीएलए-1 प्रदीप सांगवान ने किया जिलाध्यक्षा बिजेंद्र मलिक ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करें। प्रदीप सांगवान ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर 18 वर्ष की आयु के युवाओं की नई वोट बनवाने का काम करें।

### उन्नति में ईश्वर का सबसे बड़ा योगदान : परीव्राजक

**सोनीपत।** आर्य समाज सेक्टर 15 में आयोजित आध्यात्मिक सत्संग के दूसरे दिन गुजरात से पधारे स्वामी विवेकानंद परीव्राजक ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए योग मार्ग में अहंकार को सबसे बड़ी बाधा बताया। कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में सफलता अकेले प्राप्त नहीं करता, बल्कि अनेक लोगों के सहयोग से आगे बढ़ता है। स्वामी विवेकानंद परीव्राजक ने कहा कि मनुष्य की उन्नति में सबसे बड़ा योगदान ईश्वर का होता है।

### नाटक से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

**सोनीपत।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली के महत्व को लेकर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सभा की शुरुआत एक प्रेरणादायक संदेश के साथ हुई, जिसमें स्वास्थ्य को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए सभी को इसे बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया।

इस अवसर पर छात्रों ने शारीरिक फिटनेस, संतुलित आहार और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर आधारित कविता और भाषण प्रस्तुत किए।

---

### राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने किया दौरा

# बंदियों के लिए कुकिंग और रेस्टोरेंट मैनेजमेंट कोर्स शुरू

- *विधिक सेवाओं की समीक्षा और कारागार में कौशल प्रशिक्षण शुरू, बैठक में आमजन तक कानूनी सहायता पहुंचाने और विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर चर्चा*

**एसआरएम यूनिवर्सिटी और डीएलएसए के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के सदस्य सचिव जगदीप सिंह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत का दौरा कर विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रचेता सिंह, सीजेएम-कम-सचिव, डीएलएसए, सोनीपत के साथ पैनल अधिवक्ताओं, लीगल ऐड डिफेंस काउंसल, मेडिएटर्स और काउंसलर के साथ बैठक की। बैठक में आमजन तक कानूनी सहायता पहुंचाने और विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर चर्चा की गई। उन्होंने जिला एडीआर केंद्र, फ्रंट ऑफिस, स्थायी लोक अदालत और मध्यस्थता केंद्र का भी निरीक्षण किया। दौरे के दौरान जगदीप सिंह ने जगजीत सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत से भी मुलाकात की। इसके अलावा उन्होंने ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी का दौरा कर विधिक शिक्षा और जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों की सराहना की। जिला कारागार, सोनीपत में बंदियों के पुनर्वास के लिए एक माह का सर्टिफिकेट कोर्स कुलिनरी स्किल्स एंड रेस्टोरेंट मैनेजमेंट शुरू किया गया। 60 घंटे के इस प्रशिक्षण में बंदियों को खाना बनाने, किचन प्रबंधन और फूड सेफ्टी की जानकारी दी जाएगी, जिससे उन्हें भविष्य में रोजगार के अवसर मिल सकें। इसके साथ ही फैकल्टी ऑफ लॉ, एसआरएम यूनिवर्सिटी दिल्ली-एनसीआर, सोनीपत और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर प्रचेता सिंह, प्रोफेसर डॉ विजय कुमार सिंह, डॉ रतन साहू, शेफ रवि कुमार, अजीत सिंह, राजेन्द्र सिंह, दीपक हुड्डा और अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



**सोनीपत।** निरीक्षण के लिए पहुंचें प्राधिकरण के सदस्य सचिव, सीजेएम एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

---

**रोहतक में कर रहा था प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी**

# गांव बुटाना के छात्र की फूड प्वाइजनिंग से मौत

### जूस और केले खाने के बाद बिगड़ी तबीयत, पीजीआईएमएस में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में एक कोचिंग कर रहे युवक की संदिग्ध फूड प्वाइजनिंग से मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई, वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान कृष्ण (35) पुत्र जगबीर निवासी गांव बुटाना, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। वह रोहतक के तिलक नगर स्थित एक पीजी में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। जानकारी के अनुसार, सोमवार को कृष्ण ने जूस पीने और केले खाने के बाद अचानक तबीयत खराब होने की शिकायत की। कुछ ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी, जिसके बाद उसे तत्काल पीजीआईएमएस में भर्ती कराया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक तौर पर फूड प्वाइजनिंग की आशंका जताई जा रही है, हालांकि मौत के असली कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। घटना की सूचना मिलते ही थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है और परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है।

**गंभीरता से जांच जारी**

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि युवक ने जो खाद्य पदार्थ खाए, वे कहां से लाए गए थे और उनमें किसी प्रकार की मिलावट तो नहीं थी।

### पूर्व प्रधान के निधन के बाद करवाए नेत्रदान

**सोनीपत।** पांचाल समाज सोनीपत के पूर्व प्रधान स्वर्गीय लक्ष्मण सिंह ने अपने जीवनकाल में ही इच्छा जताई थी कि उनके निधन के बाद उनके नेत्रदान किए जाएं, ताकि नेत्रहीन लोगों को नई रोशनी मिल सके। 5 अप्रैल को उनके निधन के बाद उनकी अंतिम इच्छा को पूरा करते हुए उनकी धर्मपत्नी किशनी देवी ने दृष्टि सेवा समिति के सदस्यों को बुलाकर नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी करवाई। पुण्य कार्य से समाज में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश है। परिवार और समाज के लोगों ने मानव सेवा की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। स्वर्गीय लक्ष्मण सिंह ने जीवनकाल में समाज के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए और करीब 32 वर्षों तक पांचाल समाज का नेतृत्व करते समाज को नई दिशा देने का कार्य किया।

## एपी गर्ग स्कूल की पूर्व छात्रा रीवा गोल्ड मेडल से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान ए. पी. गर्ग पब्लिक स्कूल, खरखौदा की होनहार पूर्व छात्रा रीवा ने एक बार फिर अपने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रीवा को डीसीआरयूएसटी विश्वविद्यालय, मुरथल में एमए इंग्लिश लिटरेचर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भारत के महामहिम उपराष्ट्रपति के द्वारा प्रदान किया गया, जो उनके लिए ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरव का क्षण रहा। छात्रा रीवा शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी और प्रतिभाशाली रही हैं। अपने स्कूल समय में भी वह ए. पी. गर्ग पब्लिक स्कूल में आयोजित विभिन्न शैक्षणिक, साहित्यिक एवं सह-पाठ्यक्रम प्रतियोगिताओं में लगातार प्रथम स्थान प्राप्त करती रही हैं। उनकी लगन, परिश्रम और अनुशासन ने उन्हें यह मुकाम दिलाया है।


रीवा

---

# आयान खान ने पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

- मेडल लाने पर जिम में कोच जुगल धवन के नेतृत्व में टीम ने किया आयान का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत के पटेल नगर निवासी केवल 9 वर्षीय आयान खान ने उत्तर प्रदेश बॉडी बिल्डिंग एंड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 में गोल्ड मैडल जीतकर जिले का नाम बढ़ाया है। चैंपियनशिप का आयोजन 6 अप्रैल को नोएडा में किया गया। मंगलवार को सोनीपत की दा एक्सोटिक जिम पहुंचने पर आयान खान का कोच राजीव गांधी अवॉर्डी जुगल धवन के नेतृत्व में टीम ने मिलकर स्वागत किया। साथ ही आयान खान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कोच विकास सिंगला ने बताया कि मात्र 9 वर्ष की आयु में आयान खान ने पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर परिवार, जिले व अपने प्रशिक्षकों का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि आयान ने टीनेज कैटेगरी में भाग लेते हुए अपनी उम्र से कहीं अधिक बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया।


**सोनीपत।** दा एक्सोटिक जिम में कोच विकास सिंगला, कृष्ण कुमार व टीम के साथ गोल्ड मेडल विजेता आयान खान। *फोटो : हरिभूमि*

### धर्म व त्याग की मूर्ति थे गुरु तेग बहादुर : सेतिया

**गोहाना।** शहर में पुराना बस अड्डा स्थित सत नगर के सचखंड गुरुद्वारा में गुरु तेग बहादुर का प्रकाश पर्व मनाया गया। समारोह में नागरिकों ने गुरु तेग बहादुर को को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा हिंद की चादर कहे जाने वाले गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। उन्होंने देश और धर्म की रक्षा के लिए जो कार्य किए वे विश्व के इतिहास में अद्वितीय हैं। गुरु तेग बहादुर ने मुगलों के जुल्मों के खिलाफ प्रतिरोध की भावना जागृत की और भविष्य के संघर्ष के लिए सैन्य शक्ति की नींव रखी। प्रकाश पर्व की अध्यक्षता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की। उन्होंने कहा गुरु ग्रंथ साहिब में शामिल गुरु तेग बहादुर की 115 रचनाएं शुद्ध हिंदी और पंजाबी में हैं जो मानवता, निडरता और ईश्वर भक्ति का संदेश देती हैं।

# जिला स्तरीय एनकार्ड गतिविधियों में छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

- निकिता ने पावरपॉइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की छात्राओं ने सोमवार को शहीद दलबीर सिंह राजकीय कालेज, खरखौदा में आयोजित जिला स्तरीय एनकार्ड (नेशनल कोऑर्डिनेशन ऑन ड्रग्स) गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी और प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने महाविद्यालय की इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते कहा कि छात्राओं ने न केवल अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है, बल्कि नशा एवं तंबाकू के खिलाफ जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का कार्य करेगी। यूथ अगेंस्ट ड्रग्स एंड टोबैको कंट्रोल सेल की प्रभारी डा. निहारिका के मार्गदर्शन एवं वीना के समन्वय में छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। आयोजन के अंतर्गत स्लोगन लेखन, डिक्लेमेशन (भाषण) तथा पावरपॉइंट प्रस्तुति जैसी तीन प्रमुख प्रतियोगिता आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और जागरूकता का बेहतरीन प्रदर्शन करते तीनों श्रेणियों में स्थान प्राप्त किया। निकिता ने पावरपॉइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। उनकी इस उपलब्धि के साथ अब वह राज्य स्तर पर कॉलेज का प्रतिनिधित्व करेंगी।


विजेता छात्राओं के साथ प्राचार्या।

---

### प्रवासी श्रमिकों को गैस की उपलब्धता में न आए बाधा

**सोनीपत।** उपायुक्त नेहा सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि औद्योगिक क्षेत्रों में प्रवासी श्रमिकों को एलपीजी गैस की उपलब्धता में कोई बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने जीएम डीआईसी को निर्देश दिए कि वह औद्योगिक इकाईयों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखें और कहीं भी एलपीजी गैस सिलेंडर की जरूरत है तो वह तुरंत डीएफएससी को सूचित करें ताकि जिला में कार्यरत कोई भी प्रवासी श्रमिक पेरशान न हो। हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने पीएनजी, एलपीजी गैस की उपलब्धता व रबी फसल खरीद को लेकर वीसी के माध्यम से उपयुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने उपायुक्तों को इसकी लगातार मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देश दिए। वीसी में मिले निर्देशों की पालना को लेकर उपायुक्त नेहा सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों पर विशेष नजर रखें।


**सोनीपत।** बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारीगण। *फोटो :हरिभूमि*



**सोनीपत।** श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चे प्राचार्या मीनाक्षी खुराना के साथ।

### स्वास्थ्य ही असली धन : मीनाक्षी खुराना

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। स्कूल में इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन व भाषण प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या मीनाक्षी खुराना ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस केवल एक दिन नहीं बल्कि पूरी दुनिया को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का एक वैश्विक अभियान है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में जहां लोग अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं, वहीं यह दिन हमें याद दिलाता है कि स्वास्थ्य ही असली धन है। विश्व स्वास्थ्य दिवस सिखाता है कि हमें प्रतिदिन एक्सरसाइज करनी चाहिए, संतुलित आहार लेना चाहिए, पर्याप्त नींद लेनी चाहिए।

### सांस्कृतिक समारोह का किया आयोजन

**खरखौदा।** सुल्तान सिंह शास्त्री की प्रेरणा से सुप्रसिद्ध सांगी बाजे भगत की याद में निजामपुर माजरा, फरमाणा के शोभनाथ मंदिर में सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया । जिसकी अध्यक्षता गहलावत खाप आठगामा के प्रधान सतबीर नंबरदार ने की। श्री बाजे भगत लोक संस्कृति कला केंद्र मौजमनगर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के सूत्रधार थे जाने माने लोक गायक सत्ते फरमाणा। रणबीर बडवासनिया, सुरेन्द्र शर्मा गिगनाऊ, अंकुश सहरावत, जितेंद्र रिढ़ाऊ नामक गायकों अपनी प्रस्तुतियों से दर्शक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आनन्द जाटी द्वारा गाई रागनी - जहाज के म्हां बैठ गोरी राम रटकै, ओढ़ना संग्वाले तेरा पल्ला लटकै पर श्रोता झूम उठे। उत्तर प्रदेश से आए मा सुरेश हिड़ोली ने अपनी प्रस्तुति का आगाज- 'तेरी जिंदगी है मानव थोड़ी', भजन से की। फिर बाजे भगत द्वारा रचित रागनी पेश की जिसके बोल थे- मैं तो जोगी बन जांगा, ताज धरनियां कोन्या।


**खरखौदा।** रणबीर बडवासनिया को सम्मानित करते सत्ते फरमाणा आदि।

### सेवा-संघर्ष की प्रेरणा देता है ताऊ देवीलाल का जीवन

**गोहाना।** भूतपूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. ताऊ देवी लाल की पुण्यतिथि गोहाना और बरोदा विधानसभा क्षेत्र में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रमों में इनेलो नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ताऊ देवीलाल की प्रतिमा को पानी से नहलाया और गोले के तेल की मालिश की। कार्यकर्ताओं ने देवीलाल की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण करके श्रद्धांजलि दी। गोहाना विधानसभा क्षेत्र में ताऊ देवीलाल का श्रद्धांजलि समारोह शहर में मुगलपुरा मार्ग स्थित ताऊ देवीलाल के प्रतिमा स्थल और बरोदा विधानसभा क्षेत्र में गांव आहुलाना स्थित चौ. देवीलाल चीनी मिल स्थित ताऊ देवीलाल के प्रतिमा स्थल पर आयोजित किया गया। इनेलो प्रदेश सचिव जोगिंदर और पूर्व प्रत्याशी ओमप्रकाश गोयल ने कहा जननायक ताऊ देवी लाल का जीवन हमें सेवा, संघर्ष और किसानों के अधिकारों के लिए समर्पण की प्रेरणा देता है।

---

**विधायक मदान और पूर्व मेयर ने नारियल तोड़कर शुरू करवाया गलियों का निर्माण कार्य**

# वार्ड नंबर-11 में 1.66 करोड़ के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

*ज्ञान नगर की जर्जर गलियों का सीसी से निर्माण करवाया जाएगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मंगलवार सुबह विधायक निखिल मदान और पूर्व मेयर राजीव जैन ने पूर्व निगम पार्षद इंदु संजीव वलेचा के साथ वार्ड नंबर 11 के कच्चे क्वार्टर मार्केट पहुंचकर नगर निगम द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 11 के कच्चे क्वार्टर, कल्याण नगर, बत्रा कॉलोनी, भीम नगर और ज्ञान नगर की जर्जर हो चुकी विभिन्न गलियों का सीसी से निर्माण कराया जाएगा। कच्चे क्वार्टर क्षेत्र में लगभग 83 लाख रुपये की लागत से गलियों का निर्माण किया जाएगा, जबकि कल्याण नगर, बत्रा कॉलोनी, भीम नगर और ज्ञान नगर की गलियों को भी लगभग 83 लाख रुपये की लागत से सीसी से पक्का किया जाएगा। इस प्रकार कुल 1 करोड़ 66 लाख रुपये की लागत से विकास कार्य पूरे किए जाएंगे।



**सोनीपत।** विकास कार्यों का शुभारंभ करते विधायक निखिल मदान और पूर्व मेयर राजीव जैन। *फोटो : हरिभूमि*

**विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता के साथ पूरा करवाया जा रहा**

विधायक निखिल मदान ने बताया कि कई गलियां काफी समय पहले बनी थीं जो अब टूट चुकी हैं, जबकि कुछ स्थानों पर सीवरेज और पेयजल लाइन बिछाने के बाद गलियों का निर्माण नहीं हो पाया था। अब इन सभी गलियों का नए सिरे से निर्माण कराया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। पूर्व मेयर राजीव जैन ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद इंदु संजीव वलेचा, अशोक अरोड़ा, राजिंद्र चांदना, पवन तनेजा, लवली भूटानी, राकेश चोपड़ा, मुकेश वर्मा, अमित गुलाटी, मनोज कुमार, बिट्टू कामरा, सुमित वलेचा, गौरव झांब, अजमल, हरि चंद छाबड़ा, ललित मल्होत्रा, मनोज छाबड़ा, दीपू छाबड़ा, नवीन चौहान, नरेंद्र, ललित मलिक, बलदेव लाल ढींगरा, दिलीप मदान, पवन सहगल, पवन, दीपू भूटानी, निपुण बत्रा, हिमांशु झांब, राजू मदान, पारस हसीजा, हनुमान मंदिर के पंडित त्रिलोक चंद शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, हर्ष पुत्र श्री विनोद कुमार निवासी मकान नं 1251 गांव नांगल कला, तहसील राई जिला सोनीपत बयान करता हूं मेरी दसवीं की मार्कशीट में मेरे पिता का नाम विनोद लिखा है जो गलत है। जबकि मेरे सभी कागजातों में मेरे पिता का नाम विनोद कुमार है। भविष्य में मेरे पिता को विनोद कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**NOTICE**

I, KULWANT SINGH S/O SH. SHIV DHYAN SINGH BUDHWAR, R/o H.NO -1200 P, SECTOR- 15, DISTT-SONIPAT HARYANA-131001 declare that I have changed my name from KULWANT SINGH to KULWANT SINGH BUDHWAR for all future purposes.

**सूचना**

मैं, सतीश दहिया पुत्र श्री हवा सिंह निवासी मकान नं.C-2170 H सुशांत सिटी सेक्टर 61 रसोई पोस्ट प्रीतमपुरा जिला सोनीपत बयान करता हूं मेरे लड़के हीमांक दहिया के दस्तावेजों में मेरा नाम सतीश कुमार दर्ज है। अब मैंने अपना नाम सतीश कुमार से बदलकर सतीश दहिया रख लिया है। भविष्य में मुझे सतीश दहिया के नाम से जाना जाए।

## दमकल विभाग की बड़ी लापरवाही एक और गाड़ी का टैंक हुआ लीक

**गन्नौर।** क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए तैनात दमकल विभाग की व्यवस्थाएं लगातार लापरवाही की भेंट चढ़ रही हैं। पहले एक बड़ी दमकल गाड़ी का टैंक लीक था, वहीं अब एक और छोटी दमकल गाड़ी का टैंक भी लीक हो गया है। इतना ही नहीं, तीसरी गाड़ी की क्लच प्लेट भी खराब होने लगी है, जिससे आपात स्थिति में तीनों गाड़ियों की कार्यक्षमता पर सवाल खड़े हो गए हैं।



जानकारी के अनुसार गन्नौर दमकल केंद्र के पास दो बड़ी और एक छोटी दमकल गाड़ी है, लेकिन इनमें से एक बड़ी और एक छोटी गाड़ी के टैंक लीक होने के कारण पानी लगातार रिस रहा है। हालात यह हैं कि गाड़ियां खड़ी-खड़ी ही करीब दो घंटे में पूरी तरह खाली हो जाती हैं, जिससे हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद विभाग इस गंभीर समस्या को लेकर बेपरवाह बना हुआ है। हर साल टैंक लीक होने की समस्या सामने आती है, लेकिन मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है। वर्तमान में गेहूं की कटाई का सीजन शुरू हो चुका है, जिसमें आगजनी की घटनाएं बढ़ने की आशंका रहती है।

**मुरथल विवि में करोड़ों का फंड फिर सुर्खियों में**

# कमेटी की फंड प्रबंधन में बड़ी खामियां मिली

## रिपोर्ट के अनुसार कम ब्याज दर पर निवेश से सरकार को प्रत्येक वर्ष 4.25 करोड़ की लग रही चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुरथल स्थित दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में करोड़ों रुपये के फंड निवेश को लेकर अनियमितताएं बतरने के आरोप का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। यही कारण है कि पिछले काफी समय से फंड निवेश को लेकर मुरथल विश्वविद्यालय सुर्खियों में बना हुआ है। यहां तक मामले में कुलपति की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। रिटायर्ड अधिकारियों की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने 9 मार्च 2026 को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। मामले की नियमित जांच के लिए विजिलेंस विभाग को भेजने की सिफारिश की थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में करीब 227-228 करोड़ रुपये के फंड प्रबंधन में बड़ी खामियों को दर्शाया है। कमेटी की मानें कम ब्याज दर पर निवेश से प्रदेश सरकार को भी हर वर्ष करीब 4.25 करोड़ रुपये की चपत लग रही है।



सोनीपत। मुरथल स्थित दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय।

### विवि को 85 लाख रुपये का नुकसान होने की संभावना

कमेटी की रिपोर्ट से उजागर हुआ कि मुरथल विश्वविद्यालय ने 50 करोड़ रुपये की फिक्स डिपोजिट आईसीआईसीआई बैंक में अपेक्षाकृत कम ब्याज दर (7.20 फीसदी) पर करवाई है, जबकि अन्य बैंकों ने कहीं ज्यादा ब्याज दर का प्रस्ताव रखा था। ऐसे में विश्वविद्यालय को करीब 85 लाख रुपये का नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं केनरा बैंक में 7.75 फीसदी ब्याज पर रखी गई करीब 27.55 करोड़ रुपये की एफडी को भी समय से पहले निकलवाकर कम ब्याज वाले खाते में ट्रांसफर कर दिया गया। कमेटी के अनुसार यह फैसला बिना सक्षम मंजूरी के लिया गया। 50 करोड़ की एफडी का निवेश सामान्य प्रक्रिया से हटकर अलग तरीके से किया गया, जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठते हैं।

### विवि प्रबंधन के निर्णयों में स्पष्टता का आरोप

कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार निवेश प्रक्रिया में देरी व लिए गए निर्णयों में स्पष्टता की कमी के कारण मुरथल विश्वविद्यालय को नुकसान हुआ। निवेश प्रस्ताव सितंबर 2024 से लंबित रहा। करीब डेढ़ वर्ष से ज्यादा समय तक इस प्रक्रिया को सिरे नहीं चढ़ाया गया। साथ ही बेहतर ब्याज दरों का लाभ लेने की तरफ भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। वहीं कमेटी ने विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि जहां बाजार में एफडी पर करीब 7.65 प्रतिशत तक ब्याज मिल रहा था, वहीं विश्वविद्यालय को औसतन करीब 5 फीसदी ही रिटर्न मिला। इस अंतर के कारण हर वर्ष करीब 4.24 करोड़ रुपये के नुकसान की संभावना जताई जा रही।

### विजिलेंस से निष्पक्ष जांच कराने की मांग

रिटायर्ड अधिकारियों की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने रिपोर्ट के अंत में सरकार के विजिलेंस विभाग से विस्तृत जांच कराने की मांग की है। कमेटी का कहना है कि उक्त मामले में निष्पक्ष जांच की आश्वकता है, तभी संबंधित अधिकारियों से जवाबदेही तय की जा सकेगी। उधर रिपोर्ट का खुलासा होने के बाद विश्वविद्यालय के वित्तीय प्रबंधन व निर्णय प्रक्रिया को लेकर कई सवालिया चिन्ह लग रहे हैं। मामले में विजिलेंस की जांच के बाद ही स्थिति से पूर्ण से पर्दा उठ सकेगा।

**खबर संक्षेप**

### राखी ने पीजी योगा में किया टॉप

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय की पीजी डिप्लोमा योगा की 11 छात्राओं ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान हासिल किया। योगा विभाग की अध्यापिका डॉ. अल्का दहिया ने बताया कि पीजी योगा की छात्राओं ने एमडीयू की मेरिट सूची में जगह बनाकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। पीजी डिप्लोमा योगा की छात्रा राखी ने पहला स्थान प्राप्त किया।

### ईरान में फंसे मर्चेंट नेवी कर्मी की वापसी की तैयारी

**गन्नौर।** क्षेत्र के शाहपुर तगा गांव निवासी मर्चेंट नेवी कर्मी निखिल त्यागी, जो पिछले करीब दो महीनों से ईरान में फंसे हुए थे, अब सुरक्षित भारत लौटने की तैयारी में हैं। हाल ही में उनका परिवार से संपर्क हुआ, जिसके बाद परिजनों के साथ-साथ गांव में भी राहत और खुशी का माहौल है।



निखिल ने पिता संदीप त्यागी ने बताया कि समुद्र में फंसे रहने के दौरान सीमित संसाधनों के बीच उन्हें कई बार सूखे राशन और कम पानी में ही गुजारा करना पड़ा। उन्होंने यह भी बताया कि एक बार उनके जहाज के नजदीक बम गिरने से जहाज के शीशे तक क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे सभी क्रू सदस्य घबरा गए थे।

## फसल के रखरखाव व उचित व्यवस्था के दावे नजर आए हवाहवाई

# बारिश की मार: मंडियों में भीगा गेहूं, किसान परेशान

*गेहूं में नमी आने के कारण नहीं हो पाई खरीद, तिरपाल की भी उचित व्यवस्था नहीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में मंगलवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर को रूक-रूक हुई बूंदाबांदी से गेहूं की फसल को लेकर किसानों के माथों पर चिंता की लकीरे छाई रही। उधर अनाज मंडियों में फसल के रखरखाव व उचित व्यवस्था को लेकर किए गए प्रशासन के दावे हवाहवाई नजर आए। मंडी में खुले में पड़ा गेहूं बूंदाबांदी से भीगता नजर आया। मंडी में गेहूं को ढकने के लिए तिरपाल की भी उचित व्यवस्था नहीं है। इससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गेहूं में नमी आने के कारण सोनीपत मंडी में खरीद नहीं हो पाई।

मंगलवार सुबह ही मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। तेज हवाएं चलने के साथ दोपहर को बूंदाबांदी शुरू हो गई। ऐसे में मंडियों में बारिश से गेहूं को बचाने के लिए तिरपाल की पूर्ण व्यवस्था नजर नहीं आई। इसके बारण सोनीपत अनाज मंडी सहित अन्य मंडियों में लाया गया गेहूं भीगता नजर आया। बूंदाबांदी ने किसानों की चिंता बढ़ी। खेतों में चल रहे गेहूं की फसल कटाई के अलावा मंडी में पहुंच चुका गेहूं भीगने से किसान परेशान है। बता दें कि सोनीपत अनाज मंडी में अब तक करीब 30 हजार क्विंटल गेहूं की सरकारी खरीद हो चुकी है, लेकिन खरीद अनुसार फसल को पूर्ण उठान नहीं हो पा रहा है। गेहूं का कम उठान होने के कारण किसानों को उनकी फसल का भुगतान भी नहीं किया गया है। शहर की अनाज मंडी में करीब 25 हजार क्विंटल गेहूं पड़ा है। वहीं गन्नौर मंडी में करीब 7 हजार क्विंटल, खरखौदा व गोहाना मंडी में भी 10-10 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है, लेकिन वहां अब तक खरीद शुरू नहीं हो सकी है। मंगलवार को रूक-रूक हुई बूंदाबांदी के कारण मंडी व खेतों में गेहूं भीगने से किसानों की परेशानी बढ़ती नजर आई। सोनीपत सहित सभी मंडियों में गेहूं की आवक लगातार जारी है। सोनीपत मंडी की बात करें तो यहां खरीद एजेंसियां नमी ज्यादा बताकर गेहूं की खरीद कम कर रही हैं। सरकार की ओर से गेहूं की खरीद के बाद भुगतान तभी किया जाता है, जब मंडियों से गेहूं के बैग उठाकर गोदाम में भंडारण तक पहुंचा दिए जाते हैं। उसके बाद ही खरीद एजेंसियां किसानों को उनकी फसल का भुगतान करती हैं। उधर गोहाना, खरखौदा व गन्नौर मंडी समेत सभी खरीद केंद्रों में गेहूं की खरीद अब तक शुरू नहीं हो पाई है।



सोनीतप। नई अनाज मंडी में खुले में पड़ी गेहूं की ढेरियां, कुछ पर ढकी तरपाल।

### आज भी बूंदाबांदी के आसार

**सोनीपत।** जिले में मंगलवार को सुबह से ही आसमान पर काले बादल छाए रहे। दोपहर करीब एक बजे तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। शाम तक रुक-रुककर हल्की बूंदाबांदी जारी रही। बूंदाबांदी के चलते तापमान में गिरावट नजर आई। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो बुधवार को भी आसमान पर बादल छाए रहने व बूंदाबांदी होने की संभावना बनी रहेगी। उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों से आए पश्चिमी विक्षोभ से मंगलवार को जिलाभर में आसमान में काले बादल छाए रहे। दोपहर को तेज हवा के साथ बूंदाबांदी व सर्द हवाएं चली। आमतौर पर अप्रैल में जहां पहले सप्ताह में तापमान 35 डिग्री के पार होता है, वहीं मंगलवार को बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जिले का अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री व न्यूनतम 17.2 डिग्री सेल्सियस रहा। बूंदाबांदी व हवाओं के चलने से वायु गुणवत्ता में सुधार नजर आया। जगदीशपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी डॉ. प्रेमदीप के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण मौसम लगातार बदल रहा है। बूंदाबांदी से तापमान में कमी आई है। 8 अप्रैल तक मौसम परिवर्तन रह सकता है। 11 अप्रैल के बाद तापमान में बढ़ोतरी व मौसम साफ होने की संभावना है।

### नमी से दो दिन प्रभावित होगी कटाई व कढ़ाई

जिले में 1.45 लाख हेक्टेयर भूमि में गेहूं की बिजाई की गई थी। जिलाभर के खेतों में किसान गेहूं की कटाई व कढ़ाई प्रक्रिया में व्यस्त नजर आ रहे हैं। जगह-जगह हाथ की कटाई के साथ अब मशीनों से भी गेहूं कटाई का सिलसिला शुरू हो चुका है। मंगलवार को अचानक मौसम परिवर्तन के साथ बूंदाबांदी से खुले में पड़ी गेहूं की ढेरियां भीग गईं। किसानों का मानना है कि बारिश के बाद बढ़ी नमी के चलते गेहूं की कटाई व कढ़ाई प्रभावित होगी। ऐसे में दो दिन तक कटाई व कढ़ाई का काम प्रभावित रहेगा।

### इनेलो ने सातवें दिन भी चलाया कष्ट निवारण केंद्र

**सोनीपत।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने सातवें दिन नई अनाज मंडी सोनीपत के बाहर किसान कष्ट निवारण केंद्र चलाया, जहां दर्जनों किसानों ने अपनी खरीद में आ रही समस्याओं को लेकर शिकायत दर्ज करवाई। किसानों ने बताया कि नए नियमों के कारण उन्हें लगातार नई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इनेलो नेताओं ने आरोप लगाया कि बेमौसमी बारिश और उठान में देरी के कारण खुले में पड़ी गेहूं की फसल खराब हो रही है, जिससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। इनेलो जिलाध्यक्ष कुणाल गहलावत ने संबंधित अधिकारियों से मिलकर किसानों की समस्याओं से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि मंडियों में कई हजार क्विंटल गेहूं बारिश के कारण खराब हो रहा है, जो सरकार की लापरवाही को दर्शाता है।



### नई अनाजमंडी में आढ़तियों की हड़ताल समाप्त

**गोहाना।** नई अनाज मंडी में किसानों की बायोमीट्रिक हाजिरी और ट्रैक्टर नंबर प्लेट के फोटो की अनिवार्यता के विरोध में पिछले तीन दिनों से जारी आढ़तियों की हड़ताल मंगलवार को समाप्त हो गई। किसानों के बढ़ते दबाव और मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए आढ़तियों ने हड़ताल वापस लेकर गेहूं की खरीद दोबारा शुरू कर दी। हड़ताल खत्म होने की सूचना मिलते ही 115 से अधिक किसान गेहूं लेकर मंडी पहुंच गए। किसानों ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत बायोमीट्रिक हाजिरी दर्ज कराई और ट्रैक्टर नंबर प्लेट के फोटो भी जमा कराए। हालांकि, मंडी में पहुंची एजेंसियों को गेहूं में नमी अधिक मिलने के कारण खरीद प्रक्रिया में कुछ बाधा भी आई। गौरतलब है कि जींद रोड स्थित नई अनाज मंडी में आढ़तियों ने शनिवार से हड़ताल शुरू की थी। प्रदेश की करीब 10-12 मंडियों में भी इसी मुद्दे को लेकर विरोध किया गया, लेकिन अधिकांश स्थानों पर खरीद कार्य जारी रहा।

### जिलाध्यक्ष ने किया खरखौदा अनाज मंडी का दौरा

**खरखौदा।** भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष संजीत जयसिंह सबौली ने खरखौदा अनाज मंडी का निरीक्षण किया। मार्केट कमेटी चेयरमैन आनंद दहिया, वाइस चेयरमैन गुलशन ठेकेदार, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुकेश डागर और किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित तोमर, सतीश शर्मा और सुरेन्द्र पवार उनके साथ रहे। खाद्य आपूर्ति निरीक्षक ने आश्वस्त किया कि मंगलवार शाम तक खरीद शुरू कर के बुधवार से उठान शुरू हो जाएगा। उन्होंने गेट पास स्थल और अटल कैंटीन का भी दौरा किया और प्रदत्त सेवाओं का निरीक्षण किया, ताकि किसानों किसी किस्म की परेशानी ना हो।



### शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ती महंगाई पर मानव अधिकार संगठन ने जताई चिंता

**सोनीपत।** शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ती महंगाई को लेकर मानव अधिकार संरक्षण संघ ने चिंता जताते हुए सरकार से इस दिशा में सख्त कदम उठाने की मांग की है। संगठन का कहना है कि निजी स्कूलों द्वारा हर साल फीस बढ़ाना, महंगी किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने का दबाव डालना अभिभावकों के लिए बड़ी परेशानी बनता जा रहा है। संगठन ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में कुछ निजी अस्पताल और दवा कंपनियां मरीजों को महंगी दवाइयां और अनावश्यक जांच कराने के लिए मजबूर कर रही हैं, जिससे आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। मानव अधिकार संरक्षण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर गहलावत ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी जरूरी सेवाओं का अत्यधिक व्यावसायीकरण चिंताजनक है। उन्होंने सरकार से फीस और दवाइयों के दामों पर नियंत्रण करने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।



जयवीर गहलावत।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### एसआरके स्किल सेंटर को पंचकूला में मिला 'बेस्ट इंस्टीट्यूट का अवार्ड

**गन्नौर।** शहर के एसआरके स्किल सेंटर को नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचकेसीएल) द्वारा आयोजित वार्षिक समारोह में सेंटर को 'बेस्ट इंस्टीट्यूट' अवार्ड से सम्मानित किया गया। पंचकूला स्थित रेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एचकेसीएल के अधिकारी अभिजीत कुलकर्णी ने संस्थान के संचालक जोगिंदर सिंह को प्रदान किया।



संचालक जोगेंद्र सिंह ने बताया कि समारोह में प्रदेशभर से करीब 255 कंप्यूटर संस्थानों ने भाग लिया। इस दौरान एसआरके स्किल सेंटर के कार्यों और उपलब्धियों की विशेष सराहना की गई। अन्य संस्थानों को प्रेरित करने के उद्देश्य से सेंटर की उपलब्धियों पर आधारित एक वीडियो भी प्रस्तुत की गई, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। सेंटर संचालक जोगिंदर ने इस उपलब्धि को पूरी टीम की मेहनत का परिणाम बताते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व के साथ-साथ आगे बेहतर कार्य करने की प्रेरणा भी है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। वर्तमान में संस्थान में 1000 से अधिक विद्यार्थी विभिन्न कंप्यूटर पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण ले रहे हैं, जबकि हजारों छात्र यहां से शिक्षा प्राप्त कर सरकारी व निजी क्षेत्रों में रोजगार हासिल कर चुके हैं। उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



गोहाना। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डालते हुए गुरु-शिष्य।

### दून पब्लिक स्कूल में हवन के साथ नया शैक्षणिक सत्र शुरू


**गोहाना।** गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल में मंगलवार को हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हो गया। हवन में गुरु और शिष्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली। हवन आचार्य रोहित ने करवाया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन स्कूल के प्रबंधक राजेश कुमार और उप प्रबंधक विक्रांत ने किया। राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को अनुशासनबद्ध रहते हुए कठोर मेहनत और लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने की। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गुरु और शिष्यों ने आहुतियां देकर वातावरण को आध्यात्मिक और पवित्र बना दिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पूर्व छात्रा मुस्कान के एमबीए में स्वर्ण पदक जीतने पर जताई खुशी

**यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय : दर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शाश्वत चेतना सीनियर सेकेंडरी स्कूल की पूर्व छात्रा मुस्कान ने एमबीए में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। यह सम्मान उसे मुरथल स्थित दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया। मुस्कान ने एमबीए (सत्र 2022-2025) में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उसे स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। मुस्कान ने इस सफलता का श्रेय अपने पिता संजय मल्होत्रा एवं पुष्पा मल्होत्रा को दिया। मुस्कान की इस उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय की निदेशक दर्शन देवी, प्रधानाचार्य सिद्धार्थ शर्मा और उप-प्रधानाचार्य डॉ. प्रीति शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि मुस्कान की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। मुस्कान शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है और उसने कड़ी मेहनत व लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है।



गन्नौर। छात्रा मुस्कान ने एमबीए में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मुख्यमंत्री सम्मान देते हुए।

**अंतिम यात्रा** 30 राष्ट्रीय राइफल्स में जम्मू-कश्मीर के लंगेट (कुपवाड़ा) में तैनात था जवान

# सैन्य सम्मान के साथ गांव मातंड के वीर सपूत गनर जयदीप को दी अंतिम विदाई



गोहाना। गनर जयदीप के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित करते हुए विधायक इंदुराज नरवाल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना उपमंडल के गांव मातंड के वीर जवान गनर जयदीप (30 राष्ट्रीय राइफल्स) का 5 अप्रैल को निधन हो गया। वह जम्मू-कश्मीर के लंगेट (कुपवाड़ा) में तैनात थे। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार मंगलवार को उनके पैतृक गांव मातंड में सैन्य सम्मान के साथ किया गया। बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंदुराज नरवाल और एसडीएम गोहाना डॉ. अनमोल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों व ग्रामीणों ने सैनिक को श्रद्धांजलि अर्पित की। गनर जयदीप का पार्थिव शरीर जैसे ही गांव पहुंचा पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों और गणमान्य लोगों ने नम आंखों से अपने लाल को अंतिम विदाई दी।

### 'शहीद जयदीप अमर रहे' के नारे गूंजे

इस दौरान वातावरण भारत माता की जय और शहीद जयदीप अमर रहे के नारों से गूंज उठा। स्वर्गीय जयदीप को मुखाग्नि उनके भाई दीपक ने दी, जो राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) में हवलदार के पद पर कार्यरत हैं। अंतिम संस्कार के दौरान सेना के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। एसडीएम डॉ. अनमोल ने कहा कि उनका असमय निधन पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत दुःखद है। एसडीएम ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर एसीपी देवेंद्र सिंह, डॉ. कपूर नरवाल, मेजर हेमंत सनसनवाल, सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा के सचिव सुनील शर्मा, पीए अमित शर्मा, जीता हुड्डा, रणबीर सांगवान, सुभाष यादव, मोहित कुमार, के. रमना रेड्डी, डीके देशवाल, पूर्व कैप्टन धर्मवीर, पूर्व सूबेदार जोगिंदर व गांव मातंड के सरपंच राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### इन परिजनों को छोड़ गए पीछे

स्वर्गीय जयदीप अपने पीछे पिता राममेहर, माता अंजना, पत्नी रचना और एक छोटे बेटे कयांश को छोड़ गए हैं। परिवार सहित पूरे गांव में गहरा शोक व्याप्त है। ग्रामीणों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।